न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 51/2024 बउनवानी नरेन्द्र गर्ग **बनाम** लो.सू.अधि.एवं तहसीलदार खण्डार
पुत्र सुरेशचन्द गर्ग निवासी छाण तहसील खण्डार

GCMS No-2024/118

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	[illegible]
7.11.2024	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 10.7.2024 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार खण्डार को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर ***" पटवार हल्का छाण ग्राम गंगानगर के ख0न0 876 की नकल सम्पूर्ण खसरा व उप खसरा सहित नक्शा ट्रेस 3–3 प्रमाणित प्रति व नक्शा ट्रेस की प्रमाणित फोटो प्रति सन् 1990 व 2005 की सूचना"*** तहसीलदार खण्डार से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है। जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार खण्डार को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार खण्डार की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांकःभू0अ0/2024/2999 दिनांक 29.10.2024 का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलान्ट के प्रार्थना पत्र दिनांक 10.7.2024 में चाही गयी सूचना के संबंध में तहसीलदार खण्डार के पत्रांक/भू0अ0/2024/2573 दिनांक 23.9.2024 से अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत करवाया जा चुका है कि ग्राम गंगानगर की लठठा शीट पुरानी एवं जीर्ण शीर्ण अवस्था मे है इसलिए उक्त लठठा शीट की नकल दिया जाना सम्भव नही होने के कारण चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी जा सकती है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुॅचती हूॅ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 10.7.2024 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में चाही सूचना उपलब्ध करवाया जाना सम्भव नही होने के संबंध में तहसीलदार खण्डार द्वारा अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (शुभम चौधरी) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर Signature Not Verified Digitally signed by Shubham Chaudhary Date: 2025.06.25 17:58:15 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with OKEN Scanner